बैठक

नारायणपुरा उप स्वास्थ्य केंद्र में कलेक्टर ने ली सेक्टर बैठक, अधिकारियों को दिये निर्देश

# दूरस्थ आदिवासी अंचल की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा : कोचर

**नवभारत,दमोह 6 जुलाई.** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर अपने भ्रमण के दौरान जिले के दूरस्थ आदिवासी अंचल के ग्राम नारायणपुरा उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग की सेक्टर बैठक में शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने बीएमओ हटा डॉ. उमाशंकर पटेल और स्वास्थ्य अमले से आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान गर्भवती महिलाओं का इलाज, उपचार, बच्चों के टीकाकरण आदि के विषय में चर्चा की गई। आशा सुपरवाइजर और आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम ने क्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों से कलेक्टर को अवगत कराया। उन्होंने आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र ,समग्र आईडी आदि कार्यों में आने वाली दिक्कतों से अवगत कराया। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में बीएमओ डॉ.



उमाशंकर पटेल, बीपीएम विक्रम सिंह, बीसीएम देवेंद्र ठाकुर, थाना प्रभारी रजपुरा सरदार सिंह, सरपंच जशवेंद्र यादव उपस्थित रहे।

### शिविर आयोजित किए जाएंगे

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि यह दूरस्थ आदिवासी अंचल है, जिसमें कई प्रकार की समस्याएं हैं, सभी विषयों पर कार्य किया जा रहा हैं. यहां स्वास्थ्य क्षेत्र में जो अमला कार्य कर रहा वह प्रशंसनीय है। इस क्षेत्र में आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आईडी आदि कार्यों की कमी है, जिससे बच्चों के टीकाकरण और कई लोगों के शासकीय कार्य नहीं हो पाते हैं. ग्राम पंचायत के सहयोग से मंगलवार को यहां शिविर आयोजित किया जाएगा ताकि लोगों के आवश्यक कार्य पूर्ण हो सकें और समस्याएं हल हो सकें।

### बच्चों को आयरन की गोलियां दी जाएंगी

कलेक्टर ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों में एनीमिया के लक्षणों को देखते हुए तय किया है कि हर मंगलवार को स्कूलों में बच्चों को आयरन की गोली खिलाई जायेगी और मैं स्वयं भी खाऊंगा। बैठक में बताया गया इस क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को लाने ले-जाने में भी समस्याएं आती हैं इसके लिए एम्बुलेंस का सेंटर रजपुरा में बनाया जायेगा, ताकि गर्भवती महिलाओं को समय रहते सेवाओं का लाभ मिल सके, क्योंकि हटा से रजपुरा तक एंबुलेंस आने में समय लग जाता है, इसके लिए जल्द ही राज्य सरकार से अनुरोध कर रजपुरा में एंबुलेंस सेंटर बनाने की व्यवस्था कराई जायेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस क्षेत्र में स्वास्थ्य अमले की मेहनत के बदौलत मातृ-मृत्यु दर में कमी आई है.

### ग्रामीणों ने की सड़क निर्माण की मांग

इस दौरान कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नारायणपुरा उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कलेक्टर के भ्रमण के दौरान नारायणपुरा गांव के लोगों ने नारायणपुर से बनोली तक सड़क निर्माण की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराए जाने का आश्वासन दिया।



# अधिकारियों ने जलभराव स्थलों का किया निरीक्षण

- नगर पालिका द्वारा आपदा दल गठित किया गया

**नवभारत,दमोह 6 जुलाई ।** गत दिवस से लगातार हुई बारिश के बाद कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण कपिल खरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी ने शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।

प्रमुख तौर पर सिविल वार्ड 6 सुभाष कॉलोनी नाला एवं मांगज वार्ड 4 मुश्कि बाबा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इसमें किसी भी जगह पर जल भराव की स्थिति नहीं देखी गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी ने कहा बारिश के पूर्व ही नगरपालिका द्वारा जल भराव की जगहों पर विशेष साफ-सफ ई की गई थी और अतिक्रमण हटाया गया था। उन्होंने कहा अगर कही जलभराव की खबर आती है तो नगर पालिका द्वारा आपदा दल गठित किया गया है, जो त्वरित उस स्थान पर पहुंचकर कार्यवाही करेगा।

## एक नजर में



### महिला सेल डीएसपी को दी गई बिदाई

**दमोह.** पुलिस मुख्यालय भोपाल राज्य सेवा अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की गई.जिसमें दमोह में पदस्थ महिला सेल डीएसपी श्रीमती भावना दांगी का स्थानांतरण पन्ना जिले की पवई एसडीओपी के पद पर हुआ. जिन्हें महिला थाना प्रभारी रजनी शुक्ला व विशेष शाखा प्रभारी सोनाली जैन के साथ समस्त स्टाफ द्वारा पुष्पगुच्छ और उपहार देकर बिदाई दी गई.



### वसुंधरा नगर में हो रही सिद्धों की आराधना

**दमोह.** शहर के वसुधंरा नगर श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर सिद्धों की आराधना के लिये श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। प्रतिष्ठाचार्य पं. आशीष जैन व उनकी टीम के निर्देशन में महापात्र व इन्द्र इन्द्राणी सहित सभी धर्मावलंबी धर्मलाभ लेने में जुटे है। पहले दिन आठ, दूसरे दिन 16, तीसरे दिवस शनिवार को 32 अर्घ्य चढाये गये। आज रविवार को 64 रिद्धी विधान के 64 अर्घ्य समर्पित किये जायेंगे। प्रति दिवस प्रात: से अभिषेक, शांति धारा, संगीतमय पूजन एवं सिद्धचक्र विधान के अर्घ्य समर्पित किये गये। संध्याकालीन बेला में महाआरती की जाती है, जिसके पश्चात प्रतिष्ठाचार्य पं आशीष के प्रवचन होते हैं। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से पधारकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### ट्रेन से गिरा यात्री, हालत गंभीर

**दमोह।** अजमेर से विशाखापट्टनम जा रहे एक व्यक्ति दमोह के रेलवे गेट नंबर 64 समन्ना ट्रेन से गिर जाने पर स्थानीय भूरे खान, गेट मास्टर के वृद्धअलावा और भी मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल को तत्काल एंबुलेंस और पुलिस को बुला कर तत्काल अस्पताल भिजवाया. प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी जबलपुर नाका एएसआई आनंद कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल से यासीन शेख उम्र करीब 25 से 30 वर्ष निवासी विशाखापट्टनम क्षेत्र का बताया गया है, जिसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उपचार कर उसे जबलपुर रेफर किया है।



# पंचायत भवन से 7 ग्रामों को होगी सुविधा : लोधी

- ग्राम पंचायत कलूमर में पंचायत भवन का मंत्री ने किया लोकार्पण

**नवभारत,सिंग्रामपुर 6 जुलाई.** जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत ऊपर पहाड़, आदिवासी क्षेत्र के ग्राम कलूमर में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किया.

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से कलूमर पंचायत के सात ग्रामों को सुविधा पहुंचेगी. मंत्री श्री लोधी ने बताया कि कलूमर ग्राम में आजादी के बाद से कोई पंचायत भवन नहीं था, जिसको गंभीरता से लेते हुए उन्होंने 20 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित भवन की स्वीकृति प्रदान कराई- उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर विकास के कार्य कर रही है और अब धरती आबा योजना के तहत हर आदिवासी ग्राम में 2 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के विकास कार्य किए जाएंगे. नल जल योजना के माध्यम से पहाड़ी इलाके में पानी पहुंचाने के कार्य की भी प्रशंसा की.




### 113 ग्रामों को धरती आबा योजना से जोड़ा गया

मंत्री श्री लोधी ने बताया कि जबेरा जनपद में 113 ग्राम हैं, जिनको धरती आबा योजना से जोड़ा गया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में एक ग्राम में एक कुटीर आया करती थी, लेकिन उनकी सरकार ने कलूमर ग्राम में 381 कुटीर बना दी हैं और सर्वे करवाया है जिसमें 65 नाम और जोड़े गए हैं.नवनिर्मित पंचायत भवन के लोकार्पण से कलूमर पंचायत के निवासियों को सुविधा मिलेगी और विकास के कार्यों को बढ़ावा मिलेगा.

### फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**दमोह.** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप ग्राम आमचोपड़ा में 55 वर्षीय वृद्ध महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का घटनाक्रम सामने आया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर नाका चौकी से एएसआई अभय सिंह, आरक्षक प्रताप ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई करते हुए बताया कि मृतिका गीता पति अशोक यादव की फांसी लगाकर मौत हुई,जिसका मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### रेल्वे ट्रैक पर मिली लाश

जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार चौकी के समीप रेल्वे ट्रैक पर एक व्यक्ति की लाश मिलने पर प्रधान आरक्षक मुकेश शर्मा ने पहुंचकर कार्रवाई की. प्राप्त जानकारी के अनुसार निखिल पिता लोकमन यादव उम्र 27 वर्ष निवासी गढ़िया मनगढ़ की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है.

# सम्मान समारोह में मेधावी छात्रा को नहीं बुलाया

- हिमानी खटीक ने 83 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे, एसडीएम से की शिकायत

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 6 जुलाई.** मप्र सरकार के द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को को संम्मानित किया जाता है.इस योजना में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को एक लैपटोप व प्रमाण पत्र और मेडल उत्साह वर्धन के लिये दिया जाता है ताकि बच्चे अगली कक्षाओं में मन लगा कर पढ़े. यह सम्मान समारोह हर ब्लाक में आयोजित किया जाता है और सभी मेधावी बच्चों को बुलाकर उन्हें सम्मानित किया जाता है.

ऐसा ही एक सम्मान समारोह तेंदूखेड़ा के उत्कृष्ट विद्यालय में 5 जुलाई को आयोजित किया गया. इसमें मेधावी बच्चों को बुलाकर उन्हें सम्मानित कर प्रमाण पत्र व मेडल वितरित किये, लेकिन तेंदूखेड़ा की एक मेधावी छात्रा हिमानी खटीक ने यह आरोप लगाया है कि मैं वार्ड नम्बर 8 की निवासी हूं और मैंने इस वर्ष कला संकाय से 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं मुझे इस सम्मान समारोह में नहीं बुलाया गया.

### दोषियों पर कार्यवाही की जाए

नियम के अनुसार 75 प्रतिशत अंक वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है. मगर न तो मुझे कोई सूचना दी गई और न ही मुझे बुलाया गया. प्रशासन की इस लापरवाही से में बहुत आहत हूं. इसलिये मैंने शनिवार को तेंदूखेड़ा तहसील कार्यालय में जाकर एसडीएम तेंदूखेड़ा सौरभ गंधर्व को लिखित शिकायत की है कि मेरे साथ जातिगत भेदभाव किया गया, जिससे मेरी बदनामी हुई है, ऐसी लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही की जाए.

# निशा ने हासिल किया प्रथम स्थान



- अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**नवभारत,दमोह 6 जुलाई.** अंतर्राष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 अंतर्गत शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए सहकार से समृद्धि विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता शनिवार को आयोजित की गई।

कार्यक्रम सौरभ कोठिया सहायक आयुक्त सहकारिता के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर की अध्यक्षता व संजय हजारी प्र. महाप्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक व एमके राय, एपीसी (समग्र शिक्षा) के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।

इसमें प्रथम स्थान निशा पटैल, राधिका लोधी द्वितीय स्थान- प्रतीक्षा यादव तृतीय स्थान- रेशमा कुर्मी, अंबिका लोधी, चतुर्थ कंचन रैकवार, निकिता गोड़, पंचम नम्रता अहिरवार, दिव्या जाटव ने प्राप्त करने पर पुरस्कार वितरण शील्ड वितरण किया गया। संचालन जिला सहकारी संघ के सीईओ संजीव दुबे व आभार प्रदर्शन शुभम सिंह फील्ड प्रभारी (को-आपरेटिव बैंक) ने किया।



### जंगली जानवर ने चरवाहा पर किया हमला

**दमोह 6 जुलाई ।** रविवार को जंगली जानवर तेंदुआ या वाघ के हमले से गंभीर रूप से घायल दमोह जिला अस्पताल आए जेहर सिंह यादव पटीकला सिमरिया जिला पन्ना का इलाज दमोह जिला अस्पताल में जारी है. वन मंडल अधिकारी दमोह ईश्वर जरांडे व और वन मंडल अधिकारी दक्षिण पन्ना के निर्देशन में परिक्षेत्र मोहंद्रा के वनरक्षक रामकृपाल अहिरवार ने दमोह जिला अस्पताल पहुंचकर घायल के बारे में जानकारी ली, तत्काल ही वन विभाग द्वारा 5000 रूपये की राशि दी गई, साथ ही बेहतर इलाज कराने की सलाह दी.




# मिनी किट का उपयोग बीज बनाने के लिए करें

- ग्राम जमुनिया एवं मनका में किया गया बीज मिनीकिट का वितरण

**नवभारत,दमोह.** कृषि विभाग द्वारा विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया द्वारा ग्राम जमुनिया एवं ग्राम मनका में 500 से अधिक कृषकों को बीज मिनीकिट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर राजकुमार जैन, अखिलेश हजारी, सरपंच अजय सिंह लोधी, कृषि विभाग के अनुविभागीय कृषि अधिकारी एलएल कुर्मी, सहायक संचालक कृषि जेएल प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरके जैन, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा शैलेंद्र पौराणिक एवं कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि विभाग द्वारा किसानों को जानकारी दी गई की बीज मिनी किट का उपयोग कृषक बंधु बीज बनाने के लिए उपयोग करें और अगले वर्ष स्वयं एवं अन्य किसानों को बीज के रूप में उपयोग करने हेतु इसका उपयोग करें, इसके साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बीज उपचार, डीएपी के विकल्प, नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, तथा नरवाई प्रबंधन के विभिन्न उपायों के बारे में कृषको को जानकारी दी गई।



# इनकम टैक्स रिटर्न भरने की दी समझाइश

- मप्र पुलिस पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक का आयोजन

**नवभारत,दमोह 6 जुलाई.** मप्र पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय पंचमुखी हनुमान मंदिर किशन तलैया प्रांगण में शनिवार को किया गया. बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा की गई.

सभी पेंशनर्स को इनकम टैक्स रिटर्न फॉर्म भरने की समझाइश दी गई. संघ में नए सदस्यों को सदस्यता दिलाने हेतु प्रेरित किया गया व बैठक में पुलिस विभाग के यातायात शाखा में पदस्थ सहा. उप निरीक्षक रमेश कुमार तिवारी, महिला प्रधान आर.शमीम खान व दो अन्य आरक्षकों जिनका अभी हाल में ही आकस्मिक निधन हुआ है. उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.उसके पश्चात मंदिर परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया.

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में प्रमुख रूप से धनसिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष संरक्षक महेश मिश्रा राजकिशोर सेन, रिटा. डीएसपी, पीएल तिवारी, जनाब हाजी हमीद खान मीडिया प्रभारी और करीब 35 सदस्य उपस्थित रहे. इसके अलावा राकेश हजारी जिला अध्यक्ष मप्र.तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ, सत्यनारायण तिवारी सचिव व मनीष तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे.

मोहर्रम

मौलाना सैय्यद एजाज हुसैन जैदी ने कुरान की आयत और हदीस की रोशनी में तकरीर फरमाई

# शहीदे कर्बला को याद कर निकाला मातमी जुलूस



**नवभारत,दमोह 6 जुलाई।** शहीदाने कर्बला हजरत इमाम हुसैन अ.स. व उनके 72 साथियों पर यजीद व उसके हजारों की फौज द्वारा किये गये जुल्मों सितम को याद कर शिया समुदाय ने मोहर्रम के 10 दिनों तक सभी इमामबाड़ों में ईरान से तशरीफ लाये मौलाना सैय्यद एजाज हुसैन जैदी ने कुरान की आयत और हदीस की रोशनी में तकरीर फरमाई. इसमें यजीद ने इमाम हुसैन और उनके आल को खाना, पानी से महरूम रखा और पानी पर पहरे लगाये और अनेक प्रकार की अजीयतें दी. उसी की याद में शिया समुदाय ने 10 मोहर्रम को मातमी जुलूस निकाला. जिसमें अलम ताजिये निकालकर बड़े और बच्चों ने या हुसैन व हुसैन जिंदाबाद व यजीद मुर्दाबाद के नारे लगाकर नोहा मरसिया पढ़कर शहीदाने कर्बला वालों पर हुये जुल्म की याद, हाथ व जंजीर से मातम कर उन पर हुई अजीयतों को याद कर मातमी जुलूस निकाला.

### ईरानी इमामबाड़ा से शुरू हुआ जुलूस

मातमी जुलूस पुरैना तालाब ईरानी इमामबाड़ा से शुरू होकर सिविल वार्ड नंबर 2 सुभाष स्कूल के पास जाफ्री इमामबाड़ा से होते हुए पुराना थाना, सिटी नल, पुराना बाजार, जैदी इमामबाड़े जाफ्री इमामबाड़ा पहुंचा. जगह-जगह तबलगी नोहे पर छोटे- छोटे बच्चे व नौजवान मातम करते हुए चल रहे थे. इस दौरान अलम और ताजिया लेकर फुटेरा तालाब कर्बला पहुंचकर शोगवारों ने अलम व ताजिए ठंडे किए. जुलूस में मौलाना सैयद एजाज हुसैन जैदी साहब शरीक रहे. जिन्होंने मोहर्रम में दस दिन अलग-अलग सभी इमामबाड़ों में कुरान की आयतों व हदीस की रोशनी में तकरीर फरमाई.

### शहर में निकले ताजिया जुलूस



मोहर्रम ताजिया जुलूस, अखाड़ा शनिवार देर रात निकलना प्रारंभ हुआ और सुबह तक निकलते रहे. गढ़ी मोहल्ला और पठानी मोहल्ला में घर-घर से ताजिया निकले और एकत्रित होकर शहर में भ्रमण किया. इस अवसर पर प्रोवीजनल कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे, एसडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार रॉबिन जैन, पटवारी अभिनंदन, सीएसपी अभिषेक तिवारी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को,सब इंस्पेक्टर सविता रजक, रंजीत सिंह, टीआई रजनी शुक्ला, एएसआई आनंद कुमार सहित पुलिस बल तैनात रहा. इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक सोमवंशी और विधायक जयंत मलैया भी शहर भ्रमण पर निकले और जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए.